
# अमृत विचार

## बरेली महानगर

www.amritvichar.com

बरेली , सोमवार,16 मार्च 2026


### सुविचार



लोकतंत्र का सार यह नहीं कि जनता केवल मत दे, बल्कि यह कि वह स्वयं शासन करने की क्षमता विकसित करे।
- जयप्रकाश नारायण


### बरेली के प्रमुख समाचार

- दरोगा भर्ती परीक्षा : दूसरे दिन 3913 अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित-II
- सबमर्सिबल के प्रेशर से नालों में बहाया जा रहा गोबर-III
- फूलों की होली के साथ बिखेरा समरसता का रंग-IV




| इफ्तार | सहरी |
|---|---|
| सोमवार शाम | मंगलवार सुबह |
| सुन्नी : 6:25 | सुन्नी : 4:59 |
| शिया : 6:33 | शिया : 4:50 |

### सिटी ब्रीफ

#### युवक पर किया जानलेवा हमला

**बरेली, अमृत विचार** : इज्जतनगर थाना क्षेत्र के रजत विहार कॉलोनी निवासी अविरल गंगवार ने बताया कि शनिवार को वह दोस्त की मां को देखकर वापस अपने घर आ रहा था। तभी 100 फुटा रोड पर दिव्यांश सक्सेना और शिव सक्सेना बाइक से आए और गाली गलौज करने लगे। गाली गलौज का विरोध करने पर आरोपियों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। इज्जतनगर पुलिस ने दिव्यांश गंगवार और शिव सक्सेना के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

#### खाना खाकर लौट रहे युवक पर चाकू से हमला

**बरेली, अमृत विचार** : प्रेमनगर के बानखाना निवासी अजयपाल ने बताया कि शनिवार शाम पड़ोस में रहने वाली भाभी ने उन्हें खाने के लिए घर बुलाया था। अजयपाल के अनुसार, भाभी के देवर से पहले से किसी बात को लेकर रंजिश चल रही थी। खाना खाकर जब वह घर लौट रहे थे, तभी भाभी के देवर ने चाकू से हमला कर दिया। उसने फायरिंग करने की भी कोशिश की। परिजनों ने उन्हें जिला अस्पताल भर्ती कराया। मामले में तहरीर दे दी गई है।

### शहर में आज

- श्री गणेश उत्सव समिति द्वारा मॉडल टाउन स्थित श्री हरि मंदिर में श्री राम कथा शाम 4 बजे।
- कायस्थ चेतना मंच परिवार द्वारा होली मिलन समारोह एवं नवसंवत्सर स्वागत का आयोजन महावीर होटल जनकपुरी में शाम 7 बजे।

## दरोगा भर्ती परीक्षा : स्टेशन पर उमड़े अभ्यर्थी



दरोगा भर्ती परीक्षा के चलते बरेली जंक्शन पर अभ्यर्थियों की भीड़ दिखी। ट्रेन में बैठने के लिए यात्रियों को जूझना पड़ा। ( संबंधित खबर पेज II पर ) ● अमृत विचार

## सरसों पर प्रभाव नहीं, गेहूं व गन्ने के लिए बारिश अमृत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **विशेषज्ञ बोले - खड़ी फसल के लिए मामूली बारिश चिंताजनक नहीं**

**अमृत विचार:** जनपद में रविवार सुबह अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। तेज हवा और गरज-चमक के बीच हुई रुक-रुक कर कई बार हुई बारिश ने किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खींच दी हैं। वर्तमान में खेतों में सरसों की फसल पककर पूरी तरह तैयार खड़ी है, ऐसे में मौसम के इस अनपेक्षित बदलाव से किसानों को अपनी साल भर की मेहनत पर पानी फिरने का डर सता रहा है। आंधी के कारण कई स्थानों पर फसल के गिरने की भी आशंका बनी हुई है, जिससे दाने की गुणवत्ता और पैदावार पर असर पड़ सकता है।

हालांकि, मौसम के इस उतार-चढ़ाव के बीच कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को थोड़ा धैर्य रखने की सलाह दी है। कृषि विशेषज्ञ डॉ. कुलदीप विश्नोई का कहना है कि सरसों की फसल की कटाई में अभी करीब आठ से दस दिन का समय शेष है। उन्होंने स्पष्ट किया कि खेत में खड़ी सरसों की फसल को इस नाममात्र की बारिश से कोई विशेष नुकसान नहीं होगा। उनके अनुसार, चिंता का विषय केवल उन किसानों के लिए है जिन्होंने फसल काटकर खेत में ही सुखाने के लिए छोड़ दी है, ऐसी स्थिति में भीगी हुई फसल में नमी के कारण नुकसान की संभावना बनी रहती है। डॉ. विश्नोई के मुताबिक, वर्तमान में हो रही यह हल्की बूंदाबांदी गेहूं और गन्ने की फसल के लिए काफी फायदेमंद साबित होगी। गेहूं की फसल को इस समय नमी की आवश्यकता होती है।



डॉ. कुलदीप विश्नोई।

# आंधी और बारिश ने उड़ाया शहर की बिजली का फ्यूज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **सनसिटी क्षेत्र में 33 केवी लाइन ब्रेकडाउन, पूरे दिन गुल रही बिजली**
- **कई इलाकों में लगी फाल्टों की झड़ी, लोगों को परेशानी से जूझना पड़ा**

**अमृत विचार** : गर्मी में बेहतर बिजली आपूर्ति के दावे रविवार दोपहर आंधी और बारिश में दम तोड़ते नजर आए। ताबड़तोड़ फाल्टों से आधे शहर में बिजली संकट छा गया। सबसे अधिक दिक्कत सनसिटी सबस्टेशन की 33 केवी की लाइन ब्रेकडाउन में होने से हुई। शाम को पांच बजे के बाद सभी जगह पर बिजली आपूर्ति को बहाल कराया गया। इस दौरान उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा।

विभाग की ओर से दो माह तमाम स्थानों पर अनुरक्षण कार्य किए गए। घंटों बिजली बंद कर शटडाउन लिए गए। दावा किया गया कि जर्जर लाइन को ठीक करके बिजली नेटवर्क को मजबूत किया जा रहा है, ताकि आने वाले समय में गर्मी के मौसम में बिजली समस्या न हो, लेकिन रविवार दोपहर करीब एक बजे अचानक से काली घटा छाने के बाद आंधी के साथ बारिश हुई। उसके बाद जगतपुर सबस्टेशन के 11 केवी कई फीडर पर भी फाल्ट होने से बिजली आपूर्ति प्रभावित रही। वहीं, महानगर, सनसिटी, दुर्गानगर में 33 केवी की लाइन ब्रेकडाउन में होने से बिजली गुल हो गई। सनसिटी सबस्टेशन की 33 केवी की लाइन सुबह 9 बजे ब्रेकडाउन में आ गई। जिससे हजारों उपभोक्ताओं की बिजली शाम पांच बजे बहाल हो सकी। रामपुर गार्डन में वोल्टेज कम व अधिक होने की शिकायत विभाग की हेल्पडेस्क पर पहुंचती रही। किला, सुभाषनगर, मढ़ीनाथ, सिविल लाइंस, कुतुबखाना समेत अन्य जगह पर भी लोकल फाल्ट और ट्रिपिंग की समस्या बनी रही। डेलापीर, हरुनगला आदि जगह पर भी बिजली समस्या रही।

## मौसम : गरज-चमक के साथ हुई बूंदाबांदी से बढ़ी ठंड

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : शहर में रविवार को मौसम का मिजाज पूरी तरह बदला रहा। दिनभर बादलों की आवाजाही के बीच गरज और चमक के साथ दो से तीन बार रुक-रुक कर तेज बूंदाबांदी हुई, जिससे वातावरण में ठंडक घुल गई। तेज हवा और बारिश के कारण तापमान में तेज गिरावट महसूस की गई। लोगों को दिन में भी हल्की ठंड महसूस हुई और सड़कों पर सामान्य दिनों की तुलना में कम चहल-पहल नजर आई।

मौसम का मिजाज शनिवार की देर रात से ही बिगड़ना शुरू हो गया था। बादल और हवा के बीच रविवार को भोर में हल्की-बूंदा-बांदी हुई। दोपहर के समय अचानक तेज बारिश शुरू हो गई, जिससे बाजारों और सड़कों पर मौजूद लोग भीगते नजर आए। कई लोगों को बारिश से बचने के लिए दुकानों और छज्जों के नीचे खड़ा होना पड़ा। वहीं कुछ स्थानों पर जलभराव की स्थिति भी देखने को मिली।

मौसम विभाग के अनुसार रविवार को अधिकतम तापमान 26.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। तापमान सामान्य से कम रहने के कारण दिन का मौसम ठंडा बना रहा। बीच-बीच में तेज हवाएं चलने से वातावरण में ठंडक और बढ़ गई। दोपहर के समय कुछ देर के लिए तेज बारिश हुई, जबकि हल्की बूंदाबांदी का दौर भी दिन में दो-तीन बार चलता रहा। मौसम में आए इस बदलाव से जहां गर्मी से राहत मिली, वहीं किसानों ने इसे गेहूं की फसलों के लिए हानिकारक बताया। मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार अगले एक-दो दिनों तक बादल छाने की संभावना बनी रह सकती है, जिससे तापमान में उतार-चढ़ाव जारी रहने के आसार हैं।





गर्मी की दस्तक के बीच हुई बारिश ने एक बार फिर से ठंड का अहसास करा दिया। बाइक सवार भीगते दिखे तो कोई घर से छाता लेकर निकला। ● अमृत विचार

## जिले में 198 केंद्रों पर हुई नवभारत साक्षरता परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **घरेलू महिलाएं और 50 से 60 वर्ष तक के प्रौढ़ व बुजुर्ग देने पहुंचे परीक्षा**
- **प्रतिभागियों की पढ़ने, लिखने और अंकगणित की बुनियादी दक्षता का मूल्यांकन किया**

**अमृत विचार** : जिले के 198 परिषदीय विद्यालयों में रविवार को नवभारत साक्षरता परीक्षा आयोजित की गई। इसमें घरेलू महिलाएं और 50 से 60 वर्ष तक के प्रौढ़ व बुजुर्ग परीक्षा देने पहुंचे। कुल 1519 नवसाक्षरों को परीक्षा के लिए आमंत्रित किया गया था, जिनमें से 1493 ने परीक्षा दी, जबकि 107 अनुपस्थित रहे।

उल्लास नवभारत साक्षरता मिशन के तहत आयोजित इस परीक्षा का उद्देश्य उन वयस्कों को साक्षर बनाना है, जो औपचारिक शिक्षा से वंचित रह गए थे। परीक्षा के दौरान प्रतिभागियों की पढ़ने, लिखने और अंकगणित की बुनियादी दक्षता का मूल्यांकन किया गया। परीक्षा देने पहुंचे लोग उत्साहित नजर आए।

# कर्ज में डूबा मेंथा ऑयल कारोबारी सुसाइड नोट लिखकर लापता

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **मेंथा तेल के ऑनलाइन सट्टे से जुड़े कारोबार में भारी नुकसान होने पर कर्ज से परेशान होकर गंगा में कूदकर आत्महत्या करने की बात लिखी**
- **बेटे ने जताई अनहोनी की आशंका, तलाश में जुटी पुलिस**
- **प्रेमनगर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट**

**अमृत विचार** : शहर में मेंथा तेल के ऑनलाइन सट्टे से जुड़े कारोबारी के अचानक लापता होने से सनसनी फैल गई। सांई धाम कॉलोनी निवासी मेंथा तेल कारोबारी के रहस्यमय ढंग से गायब होने के बाद उनके बेटे ने प्रेमनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। गोदाम की तलाशी के दौरान सुसाइड नोट मिला है। सुसाइड नोट में कर्ज से परेशान होकर गंगा में कूदकर आत्महत्या करने की बात लिखी गई है। फिलहाल पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज करने के बाद मामले की जांच में जुटी है और कारोबारी की तलाश की जा रही है।

इज्जत नगर थाना क्षेत्र के साई धाम कॉलोनी सैदपुर हाकिन्स निवासी प्रणव कुमार सैनी ने बताया कि उसके पिता गौतम कुमार सैनी 13 मार्च की दोपहर को घर से गायब हो गए। वह नोएडा में जॉब करता है। युवक ने बताया कि उसे जब पिता के गायब होने की जानकारी हुई तो उसने शहर आकर पिता के इन्द्रानगर स्थित आफिस और दुकान पर काम करने वाले जितेन्द्र से ताला खुलवाकर अंदर जाकर देखा तो मेज पर एक सुसाइड नोट रखा मिला। इसके बाद उसने डायल 112 पर कॉल करके पुलिस को बुला लिया।

युवक के अनुसार पिता के छोड़े गए सुसाइड नोट में लिखा था कि मैं गौतम कुमार बड़े दुखी मन से सुसाइड नोट लिख रहा हूं। उसके ऊपर दबाव है। उसे व्यापार में नुकसान हो गया है। आगे लिखा कि वह अपनी संपत्ति बेचने के बाद भी कर्ज नहीं उतार सका। उसमें लिखा था कि अधिकतर लोग उससे एमसीएक्स का मेंथा सट्टा करवाते हैं। इसके चलते एक माह में 40 से 50 लाख रुपये का नुकसान होता है। पीड़ित ने पिता को तलाशने और आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है। प्रेमनगर पुलिस ने प्रेमनगर निवासी शकील, धौरा टांडा निवासी अफसार, गिरधरपुर निवासी उमेर और जफर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।



गौतम कुमार।

### व्यापारी ने सुसाइड नोट में लिखा ... मैं इस चक्रव्यूह में फंस गया, उपाय नहीं सूझ रहा

लापता मेंथा कारोबारी गौतम कुमार के बेटे प्रणव कुमार के अनुसार सुसाइड नोट में लिखा है कि अगर वह सट्टा नहीं लगवाता तो उसके ऊपर दबाव बनाते हैं। सुसाइड नोट में कहा कि कुछ लोगों का उसके ऊपर 3 से 4 प्रतिशत का महीने का ब्याज चल रहा है। जो एक लाख पर तीन-चार हजार रुपये महीना होता है। व्यापारी ने कहा कि मैं इस चक्रव्यूह में फंस गया हूं। अब मुझे कोई उपाय नहीं सूझ रहा है। एक दिन में उसके ऊपर तीन से चार लाख रुपये चढ़ जाते हैं। उसने कई लोगों के नाम लिखकर कहा कि गंगा नदी में कूदने जा रहा है।

> मेंथा कारोबारी के बेटे की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है। कारोबारी गौतम कुमार का अभी कोई सुराग नहीं लगा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। -**सुरेंद्र सिंह**, प्रेम नगर थाना प्रभारी

**जागा महकमा** | बैरियर टू पुलिस चौकी से डोहरा मोड़ के बीच समतल किए जा रहे सीवर लाइन के डिप, डिप के असंतुलित ढक्कनों से दुपहिया वाहन चालक हो रहे थे हादसों का शिकार

# आ रहे सीएम ...पीलीभीत बाईपास पर नहीं लगेंगे झटके

- **पीडब्ल्यूडी के पत्रों को ठेंगे पर रखने वाले जल निगम को याद आई जिम्मेदारी**

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** पीलीभीत बाईपास पर डोहरा मोड़ से बैरियर टू चौकी के बीच का सफर अब तक किसी मुसीबत से कम नहीं था, लेकिन अब वाहन चालकों को जानलेवा झटकों से राहत मिलने की उम्मीद जगी है। पिछले दो सालों से इस मार्ग पर सीवर लाइन के डिप या तो सड़क की सतह से गहरे धंसे थे या खतरनाक ढंग से ऊपर उभरे हुए थे। नमामि गंगे प्रोजेक्ट के तहत बिछाई गई इस सीवर लाइन के घटिया फिनिशिंग वर्क ने इस मुख्य मार्ग को 'एक्सीडेंट जोन' में तब्दील कर दिया था।

राहगीरों की लगातार शिकायतों के बावजूद प्रशासन मौन था और दोपहिया वाहन चालक इन असंतुलित ढक्कनों की वजह से गिरकर लगातार चोटिल हो रहे थे। पीडब्ल्यूडी के तत्कालीन से लेकर वर्तमान अधिशासी अभियंता तक ने जल निगम ग्रामीण की एक्सईएन को दर्जनों बार पत्र लिखकर सड़क और डिप को दुरुस्त करने का अनुरोध किया, लेकिन हर बार इन पत्रों को कूड़ेदान के हवाले कर दिया गया। अब मुख्यमंत्री के संभावित बरेली दौरे की आहट ने सो रहे सिस्टम को जगा दिया है। शासन स्तर से होने वाली समीक्षा और किसी भी संभावित फटकार से बचने के लिए जल निगम ने आनन-फानन में काम शुरू कर दिया है। इसे विभाग की कार्यशैली कहें या 'वीआईपी कल्चर' का दबाव, जो काम महीनों से अटका था, वह अब युद्धस्तर पर पूरा किया जा रहा है।



पीलीभीत बाईपास पर डिप ठीक करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

### मुख्यमंत्री के दौरे से पहले सड़कों की खोदाई पर 'बैन'

**बरेली, अमृत विचार** : मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को देखते हुए नगर निगम पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गया है। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने शहर की चाक-चौबंद व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सभी मुख्य सड़कों पर किसी भी प्रकार की नई खोदाई पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि कोई व्यक्ति, निजी कंपनी या सरकारी एजेंसी बिना आधिकारिक अनुमति के सड़क या फुटपाथ की खोदाई करते हुए पाई गई, तो उसके विरुद्ध न केवल भारी जुर्माना लगाया जाएगा, बल्कि कठोर दंडात्मक विधिक कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी। दरअसल, पूर्व में शहर की कई प्रमुख सड़कों पर पाइपलाइन और केबल डालने के नाम पर की गई अनियंत्रित खोदाई के कारण जनता को भारी जाम और धूल की समस्या से जूझना पड़ा था। पुरानी शिकायतों का संज्ञान लेते हुए इस बार प्रशासन कोई जोखिम नहीं उठाना चाहता। पिछले महीने भी कई इलाकों में बिना रेस्टोरेशन ( सड़क मरम्मत) किए ही सड़कें छोड़ देने पर निर्माण एजेंसियों को ब्लैकलिस्ट करने की चेतावनी दी गई थी। इसी अनुभव को देखते हुए नगर आयुक्त ने अब सख्त घेराबंदी की है। उन्होंने निर्माण विभाग के अभियंताओं को निर्देशित किया है कि जो गड्ढे पहले से खुदे हुए हैं, उन्हें तत्काल भरकर समतलीकरण किया जाए ताकि आम जनता को आवागमन में कोई असुविधा न हो। इसके साथ ही, सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए वार्ड स्तर पर विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। इधर, रविवार को अवकाश के बावजूद नगर आयुक्त ने विभागीय अधिकारियों के साथ ऑनलाइन बैठक की और निर्देश दिए कि वीआईपी रूट के साथ-साथ शहर के प्रमुख चौराहों को अतिक्रमण मुक्त कर वहां लाइटिंग और रंग-रोगन का कार्य युद्ध स्तर पर पूरा किया जाए।

### नमामि गंगे के नाम पर घटिया निर्माण की भेंट चढ़ी सड़क

दरअसल, तीन साल पहले हरुनगला में नकटिया नदी किनारे एसटीपी के निर्माण के साथ इस मार्ग पर सीवर लाइन डाली गई थी। जल निगम ग्रामीण ने पाइप लाइन डालने के बाद आनन-फानन में सड़क तो बना दी, लेकिन गुणवत्ता के मानकों को ताक पर रख दिया। नतीजा यह हुआ कि सड़क बनने के कुछ महीनों बाद ही जगह-जगह से धंसने लगी। सड़क इतनी घटिया बनाई गई थी कि पीडब्ल्यूडी को अपनी साख बचाने के लिए कई बार खुद के बजट से गड्ढे भरवाने पड़े। सीवर लाइन के ऊंचे-नीचे चेंबर शुरू से ही वाहन चालकों के लिए मुसीबत बने हुए थे, लेकिन तकनीकी खामियों को सुधारने के बजाय विभाग गहरी नींद में सोया रहा। गुरुवार को डिपो का सही कराने के बार राहत की उम्मीद जागी है।

## इंटेलि स्मार्ट कंपनी के पीआर मैनेजर के निष्कासन की संस्तुति

- **विभाग को बिना सूचना दिए स्मार्ट चौपाल के आयोजन पर कार्रवाई**
- **कार्यक्रम में वन मंत्री को बुलाकर विभाग की करा दी थी फजीहत**

**बरेली, अमृत विचार** : जिले में स्मार्ट मीटर लगाने वाली कंपनी इंटेलि स्मार्ट ने शनिवार को संजय नगर में स्मार्ट चौपाल का आयोजन किया था। कंपनी ने वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार को कार्यक्रम में बुलाया था, लेकिन कार्यक्रम में बिजली विभाग के अधिकारियों के न होने पर वन मंत्री ने नाराजगी जताते हुए ऊर्जा मंत्री से मामले की शिकायत की थी। मुख्य अभियंता ने विभाग को बिना सूचना दिए कार्यक्रम का आयोजन करने पर कंपनी के पीआर मैनेजर को निष्कासित करने की संस्तुति की है।

बरेली जोन प्रथम के मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने बताया कि स्मार्ट मीटर लगाने वाली कंपनी इंटेलि स्मार्ट के पीआर मैनेजर अनुराग सिंह ने संजय नगर में स्मार्ट चौपाल का आयोजन करने के लिए विभाग के किसी अधिकारी को लिखित में सूचना नहीं दी थी। मैनेजर ने मर्जी से ही खुद को मध्यांचल विद्युत वितरण निगम का जनसंपर्क अधिकारी बताकर वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार को कार्यक्रम के लिए आमंत्रित कर दिया था। कार्यक्रम में पहुंचने के बाद मंत्री को जब विभाग का कोई अधिकारी नहीं मिला तो वह बाहर से ही लौट आए थे और नाराजगी जताते हुए ऊर्जा मंत्री से मामले की शिकायत की थी। मुख्य अभियंता ने बताया कि मैनेजर अनुराग सिंह ने प्रोटोकॉल का उल्लंघन करके विभाग की छवि धूमिल की है। मैनेजर ने खुद को गलत परिचय देकर विभाग को बिना सूचना दिए स्मार्ट चौपाल का आयोजन के लिए मंत्री को कार्यक्रम में बुलाकर विभाग को बदनाम किया।

अम्बा हैल्थ क्लीनिक



ISO.9001:2008 एवं Trademark Certified Clinic

डॉ.आर.एस.सिंह
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)

स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ

30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त

ISO.9001:2015 Certify Tredmark Clinic




★पतले-दुबले
★गाल पिचके
★कमजोर स्त्री-पुरुष
★मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए
परामर्श लें।

चिकित्सा जानकारी
भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।

किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।

स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना



वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
अविकसित सीना को सुडौल आकर्षक बनायें

Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें

गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें

डॉ. साहब
आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते

मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :-
22 मार्च 2026, रविवार
5 अप्रैल 2026, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

# दरोगा भर्ती परीक्षा : दूसरे दिन 3913 अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित

## दोनों पालियों में 16320 अभ्यर्थियों में से 12407 ने ही दी परीक्षा, सुरक्षा के रहे कड़े इंतजाम, ट्रैफिक बढ़ने पर कई स्थानों पर बने जाम के हालात

- परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की तीन स्तरों पर की गई चेकिंग
- परीक्षार्थियों के जूते उतरवा कर ही दिया परीक्षा कक्ष में प्रवेश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पुलिस दरोगा भर्ती परीक्षा में दूसरे दिन रविवार को भी बड़ी संख्या में अभ्यर्थी परीक्षा से गैरहाजिर रहे। दूसरे दिन 3913 अभ्यर्थियों ने दरोगा भर्ती परीक्षा छोड़ दी। पहली और दूसरी पाली में बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स को तैनात किया गया था। अभ्यर्थियों की सख्त चेकिंग के बाद ही उन्हें परीक्षा केंद्रों के अंदर जाने की अनुमति दी गई।

जिले में 19 केंद्रों पर रविवार को भी दो पालियों में यूपी पुलिस दरोगा परीक्षा आयोजित की गई। पहली पाली सुबह 10:00 बजे से लेकर दोपहर 12:00 तक रही, जबकि दूसरी पाली में शाम 3:00 बजे से लेकर 5:00 बजे तक परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा की शुचिता और नकल विहीन बनाने के लिए सुरक्षा को लेकर कड़े इंतजाम किए गए थे। जूते पहन कर आए अभ्यर्थियों के जूते उतरवा कर चेकिंग की गई। ऊपर से नीचे तक तलाशी लेने के बाद ही उन्हें परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया गया। दूसरे दिन दोनों पालियों में 3913 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। रविवार को दूसरी पाली की परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न होने के बाद पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने राहत की सांस ली। जिले में किसी भी परीक्षा केंद्र पर किसी तरीके की नकल करने का कोई मामला सामने नहीं आया। पहले दिन के मुकाबले दूसरे दिन भी अभ्यर्थियों ने सरल पेपर आने की बात कही।

**परीक्षा छूटने के बाद परीक्षा केंद्रों के बाहर लगा जाम :** यूपी पुलिस दरोगा भर्ती परीक्षा को लेकर जिले में 19 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। इसमें सबसे बड़े परीक्षा केंद्र बरेली कॉलेज में पांच सेंटर बनाए गए थे। सुबह और दोपहर की पाली की परीक्षा छूटने के बाद परीक्षा केंद्रों के बाहर अचानक से अभ्यर्थियों की भीड़ आने के बाद भयंकर जाम लग गया।

परीक्षा को लेकर ट्रैफिक पुलिस की तरफ से बड़े वाहनों का प्रवेश शहर में बंद कर दिया गया था, लेकिन उसके बाद भी जाम की समस्या से लोगों को निजात नहीं मिल सकी। अभ्यर्थियों के साथ शहरवासी भी घंटों जाम में फंसकर परेशान होते रहे। ट्रैफिक पुलिस को जाम खुलवाने में काफी मेहनत करनी पड़ी।



दरोगा भर्ती परीक्षा देकर बरेली कॉलेज से बाहर आते अभ्यर्थी। ● अमृत विचार



राजकीय इंटर कॉलेज गेट पर अभ्यर्थियों की लगी कतार।



राजकीय इंटर कॉलेज में परीक्षा देकर अभ्यर्थी बाहर निकले तो तिराहे पर जाम लग गया। ● अमृत विचार

### अभ्यर्थी बोले-हिंदी, गणित और रीजनिंग के सवाल थे आसान

**बरेली, अमृत विचार :** दरोगा भर्ती परीक्षा के दूसरे दिन भी प्रश्नपत्र पहले दिन की तरह ही सरल रहा। परीक्षा केंद्रों से बाहर निकलते समय अधिकांश अभ्यर्थियों के चेहरे पर मुस्कान दिखाई दी। अभ्यर्थियों का कहना था कि हिंदी, गणित और रीजनिंग के सवाल आसान थे, जबकि करंट अफेयर से जुड़े प्रश्न कम पूछे गए। रविवार को आयोजित परीक्षा के बाद कई अभ्यर्थियों ने बताया कि इस बार प्रश्नपत्र संतुलित और समझने में आसान था।



पेपर बहुत ही सरल आया था। तय समय सीमा में पेपर हल कर लिया था। रीजनिंग के सवाल सरल थे, इसलिए पेपर में ज्यादा समय नहीं लगा।

**फरहा, पीलीभीत**



हिंदी और गणित के सवाल आसान थे। उलझाऊ प्रश्न न होने के कारण उन्हें हल करने में ज्यादा समय नहीं लगा। हालांकि रीजनिंग में थोड़ा अटक गया था।

**योगेन्द्र, रामपुर**



पेपर सरल था। हिंदी के पेपर में जो मुहावरे पूछे गए वो सच में बहुत ही सरल थे। इसके साथ ही गणित के सवाल भी आसानी से हल हो गए।

**हिमांशु चौहान, रामपुर**



हिंदी, गणित और रीजनिंग के सवाल बहुत आसन थे। करंट अफेयर के सवालों की संख्या बहुत की कम थी। तय समय में पेपर पूरा हो गया था।

**अभि यादव, मुरादाबाद**

### जिलाधिकारी ने भर्ती परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा इंतजामों का लिया जायजा



**बरेली, अमृत विचार :** दरोगा भर्ती की लिखित परीक्षा को पूरी तरह नकलविहीन और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन भी मुस्तैद रहा। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने रविवार को विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं और प्रशासनिक तैयारियों का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने इज्जतनगर के कुंवर रंजीत सिंह इंटर कॉलेज और रिठौरा के दरबारी लाल शर्मा इंटर कॉलेज पहुंचकर परीक्षा की सुचिता और अभ्यर्थियों की सुविधाओं का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों को सख्त निर्देश दिए कि परीक्षा के दौरान पारदर्शिता और निष्पक्षता से किसी भी स्तर पर समझौता न किया जाए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सीसीटीवी कैमरों की सक्रियता, कंट्रोल रूम की निगरानी और अभ्यर्थियों की सघन तलाशी प्रक्रिया को भी देखा। उनके साथ एडीएम सिटी सौरभ दुबे, एसडीएम नवाबगंज उदित पवार समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

### स्पेशल ट्रेनें भी नहीं आई काम, सीट पाने को होती रही मारामारी

**बरेली, अमृत विचार :** दरोगा भर्ती परीक्षा को लेकर रेलवे की तरफ से स्पेशल ट्रेनें चलाने का फैसला लिया गया था, लेकिन बाहर से आए अभ्यर्थियों की भीड़ के आगे स्पेशल ट्रेनें भी नाकाफी साबित हुईं। परीक्षा छूटने के बाद ट्रेनों में सीट पाने के लिए अभ्यर्थी मारामारी करते दिखे। अभ्यर्थियों की भीड़ बढ़ने के बाद अन्य यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।



दरोगा भर्ती परीक्षा के चलते रेलवे ने शनिवार और रविवार को अलग-अलग रूटों पर स्पेशल ट्रेनें चलाईं। बरेली और शाहजहांपुर स्टेशन तक 04350/04349 बिजनौर-बरेली-बिजनौर अनारक्षित स्पेशल और 04247/04248 लखनऊ-शाहजहांपुर लखनऊ अनारक्षित स्पेशल ट्रेन का संचालन किया गया। अप-डाउन में 10 गाड़ियों में लगाए गए अतिरिक्त कोच भी नाकाफी साबित हुए। अभ्यर्थियों को ट्रेनों में सवार होने के लिए काफी जद्दोजहद करनी पड़ी। परीक्षा छूटने के बाद घर वापसी की जल्दबाजी में अभ्यर्थियों ने नियमित गाड़ियों के आरक्षित कोचों पर भी कब्जा कर दिया। ऐसे में यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। एहतियात के दौर पर बरेली जंक्शन पर आरपीएफ और जीआरपी के साथ सिविल पुलिस को भी तैनात किया गया। जंक्शन के प्लेटफार्म एक और दो पर ज्यादा भीड़ रही। खिड़की के साहरे अभ्यर्थी ट्रेनों में सीट पाने को लेकर मारामारी करते दिखे। वहीं सिटी और इज्जतनगर स्टेशन के अलावा पुराने व सेटेलाइट बस अड्डे पर परीक्षा छूटने के बाद भीड़ रही।

# संभल व पीलीभीत के जांबाजों ने दिखाया दम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** भारतीय सेना में सेवा के प्रति युवाओं का जुनून रविवार को जाट रेजिमेंटल सेंटर में एक बार फिर साफ तौर पर देखने को मिला। अग्निवीर भर्ती रैली में रविवार को संभल और पीलीभीत जिले के अभ्यर्थियों ने शारीरिक दक्षता का परिचय दिया। भर्ती स्थल के बाहर तड़के से ही युवाओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी थी।

सेना के अधिकारियों ने बताया कि अग्निवीर (जनरल ड्यूटी) श्रेणी के लिए संभल और पीलीभीत से कुल 900 अभ्यर्थियों को दौड़ के लिए बुलाया गया था। कड़े अनुशासन और सुरक्षा घेरे के बीच आयोजित इस दौड़ में युवाओं ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी।

शारीरिक परीक्षण के विभिन्न चरणों के बाद कुल 630 उम्मीदवार दौड़ और अन्य प्रारंभिक मानकों को सफलतापूर्वक पार करने में सफल रहे। इनको भर्ती प्रक्रिया के अगले पड़ाव में हिस्सा लेने के लिए अनुमति मिल गई है। सभी को सोमवार को स्वास्थ्य परीक्षण के लिए बुलाया गया। जाट सेंटर में भारतीय सेना की अग्निवीर भर्ती रैली भर्ती 11 से 23 मार्च तक आयोजित की गई है।



अग्निवीर भर्ती रैली में शारीरिक दक्षता का परिचय देते युवा। ● अमृत विचार

- अग्निवीर : दौड़ में 900 अभ्यर्थियों ने लगाई जान, 630 ने पार किया पहला पड़ाव
- सफल उम्मीदवारों का आज कराया जाएगा गहन चिकित्सा परीक्षण



जाट रेजिमेंटल सेंटर में आयोजित भर्ती में मौजूद अभ्यर्थी। ● अमृत विचार

# नगर निगम कर्मचारी ने पत्नी से की मारपीट, रिपोर्ट

- एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने की कार्रवाई

**बरेली, अमृत विचार :** नगर निगम कर्मचारी ने नशे में पत्नी के साथ मारपीट की। एसएसपी के आदेश पर किला पुलिस ने पति समेत तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

किला थाना क्षेत्र की वाल्मीकि बस्ती निवासी भावना ने बताया कि वह नगर निगम में संविदा सफाई कर्मी हैं। उनके पति राजेश वाल्मीकि भी संविदा सफाई कर्मी हैं। आरोप है कि पति शराब के नशे में उसके और बच्चों के साथ मारपीट करते हैं। सैलरी का कोई पैसा घर में नहीं देते हैं। वह अगर कोई राशन या अन्य सामान लाती हैं तो पति उसे चोरी कर बेच देते हैं। आरोप है कि 28 जनवरी को पति ने लाठी डंडों से पीटा। शोर सुनकर पड़ोसियों ने उसे बचाया। लेकिन उसकी सास और देवर खड़े होकर देखते रहे। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने पति राजेश, देवर शशि और सास लज्जावती के खिलाफ रिपोर्ट कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# किशोरी से दरिंदगी की पुष्टि बेचने वाली महिला की तलाश

- बारादरी पुलिस ने किशोरी से देह व्यापार कराने में चार लोगों को किया था गिरफ्तार
- कोर्ट में आज पीड़िता के दर्ज कराए जाएंगे बयान, फिर वाराणसी लेकर जाएगी पुलिस

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** नाबालिग किशोरी को बेचकर उसके साथ देह व्यापार करने वाले चार आरोपियों को शनिवार को बारादरी पुलिस ने गिरफ्तार किया था। पीड़िता के मेडिकल में उसके साथ दरिंदगी की पुष्टि हुई है। पुलिस किशोरी को वाराणसी से बरेली लाकर बेचने वाली महिला की तलाश में वाराणसी जाएगी।

बारदरी थाना क्षेत्र के एक होटल से भाग कर एक किशोरी शुक्रवार की देर रात थाने पहुंची थी। किशोरी ने पुलिस को बताया था कि जनवरी 2026 के पहले सप्ताह में परिवार के लोगों की डांट से नाराज होकर वह घर छोड़कर चली आई थी। वाराणसी स्टेशन पर उसे रिया नाम की एक महिला मिली थी। रिया ने कुछ दिन उसे अपने घर पर रखा था और इसके बाद उसे बरेली की एक महिला को बेच दिया था। पीड़िता ने बताया कि बरेली के कई होटलों में उसे ले जाकर गलत काम कराया जाता था। आरोपी शुक्रवार की रात भी उसे सैटेलाइट स्थित एक होटल में देह व्यापार के लिए लाए थे. लेकिन मौका पाकर किशोरी आरोपियों को चकमा देकर होटल से भाग कर थाने पहुंची थी और पुलिस को घटना की जानकारी दी थी। पुलिस ने इस मामले में विनोद, बबली, जसलीन और नेपाल की महिला को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने रविवार को पीड़िता का मेडिकल कराया। बारादरी थाना प्रभारी धनन्जय पांडेय ने बताया कि मेडिकल परीक्षण में किशोरी के साथ दरिंदगी की पुष्टि हुई है। पीड़िता के बयान सोमवार को कोर्ट में दर्ज कराए जाएंगे। इसके बाद पुलिस पीड़िता और उसके परिवार के लोगों के साथ किशोरी को बेचने वाली रिया नाम की महिला के घर वाराणसी में जाकर उसकी तलाश करेगी।

# कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता हाउस अरेस्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** पीलीभीत के पूरनपुर निवासी हर्षित मिश्रा की हत्या के मामले में परिजनों से मिलने जा रहे कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. केबी त्रिपाठी को पुलिस ने रविवार को हाउस अरेस्ट कर लिया। दरअसल, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने एक प्रतिनिधि मंडल गठित कर हर्षित के परिजनों से मिलने के निर्देश दिए थे। इस प्रतिनिधि मंडल में बरेली से प्रदेश प्रवक्ता भी शामिल थे।

डॉ. केबी त्रिपाठी ने कहा कि प्रदेश में लगातार हत्या, लूट, डकैती, बलात्कार जैसी घटनाएं हो रही हैं। गुंडे और माफिया खुलेआम घूम रहे हैं। बीते दिनों बदायूं में हिंदुस्तान पेट्रोलियम के सहायक प्रबंधक हर्षित मिश्रा और उनके साथी की संस्थान के अंदर हत्या कर दी गई थी। जबकि कुछ दिन पहले हर्षित ने पुलिस को अवगत करा दिया था कि उनके साथ अनहोनी हो सकती है। प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि हत्या के मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा मिलना चाहिए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने राष्ट्रपति से योगी सरकार को बर्खास्त किए जाने की मांग की है।



घर में पुलिस निगरानी में कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता डॉ. केबी त्रिपाठी।

- हर्षित मिश्रा की हत्या के बाद परिजनों से मिलने जा रहे थे

तैयारी | पीडब्ल्यूडी ने तैयार की सूची, मुख्यमंत्री करेंगे 25 सड़क परियोजनाओं का शिलान्यास

# 97 .58 करोड़ से बदलेगी सड़कों की सूरत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जनपद के बुनियादी ढांचे को मजबूती देने के लिए लोक निर्माण विभाग (प्रान्तीय खण्ड) ने विकास की बड़ी रूपरेखा तैयार की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जल्द ही कुल 97.58 करोड़ रुपये की लागत वाली 25 सड़क परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। इन योजनाओं में ग्रामीण संपर्क मार्गों से लेकर मुख्य जिला मार्गों का चौड़ीकरण शामिल है, जिससे पूरे जिले की यातायात व्यवस्था में क्रांतिकारी बदलाव आएगा।

सूची के अनुसार, सबसे बड़ी परियोजना जुबैदी से बिलासनगर भुता मार्ग का चौड़ीकरण है। इस पर 42.50 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसके साथ ही शेरगढ़-बहेड़ी मार्ग (13.96 करोड़) और पीलीभीत रोड से रिछौली ताराचन्द मार्ग (8.05 करोड़) का कायाकल्प किया जाएगा। सेमीखेड़ा वसुधरन शेरगढ़ मार्ग के चौड़ीकरण के लिए भी 7.24 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इसके अलावा ग्रामीण इलाकों को मुख्य सड़कों से जोड़ने के लिए कई नए संपर्क मार्गों का शिलान्यास होगा। इसमें फरीदपुर ब्रान्च कैनाल मार्ग पर 1.08 करोड़, केसरपुर सिसिया से लहिया मार्ग पर 0.60 करोड़, भूड़ा फरीदपुर से उगनपुर मार्ग 0.93 करोड़ और पचा गौटिया से गोकुलपुर मार्ग पर 2.22 करोड़ की लागत से विशेष मरम्मत कार्य किए जाएंगे।

लोक निर्माण विभाग के प्रस्ताव के अनुसार एनएच-74 से ईद जागीर के शिव मंदिर तक चौड़ीकरण और सेंथल जादोपुर मार्ग से हिमपुर चमरौआ शिव मंदिर तक नए मार्ग का निर्माण किया जाएगा। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए ''विशेष मरम्मत योजना 2025-26'' के तहत कमालपुर संपर्क मार्ग और शाहपुर इनायतुल्ला मार्ग को भी दुरुस्त किया जाना है। इसके अलावा, चटिया रहमत अली, ठिरिया निजावत खां से मनपुरिया और नरयावल बिथरीचैनपुर मार्ग जैसे ग्रामीण क्षेत्रों में सुगम यातायात के लिए लाखों रुपये खर्च होगा। इन सभी परियोजनाओं में सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार और क्षेत्रीय विधायकों डॉ. एमपी आर्य, शहजिल इस्लाम, अताउर रहमान, डॉ. डीसी वर्मा, डॉ. राघवेंद्र शर्मा और डॉ. अरुण कुमार के क्षेत्र की सड़कें शामिल हैं। अधिशासी अभियंता भगत सिंह ने बताया कि इन परियोजनाओं का शिलान्यास पहले किसी जनप्रतिनिधि ने नहीं किया है, जिससे अब मुख्यमंत्री के हाथों एक साथ इन कार्यों की शुरुआत कराने का मार्ग प्रशस्त हो गया है।

## सिटी ब्रीफ

### गोपाल कश्यप सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव मनोनीत

**बरेली, अमृत विचार :** सपा के प्रदेश अध्यक्ष राजपाल कश्यप ने संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से सुभाषनगर निवासी गोपाल कश्यप को समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ की राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव पद पर मनोनीत किया है। यह मनोनयन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश की अनुमति और प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल की संस्तुति पर किया गया है। पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के महानगर अध्यक्ष आदित्य कश्यप, मनोज कश्यप, विकास कश्यप, हसीब खान, डॉ. सीपी आर्य, हरिशंकर यादव, गौरव कश्यप, पंकज ऋषिवाल, चंद्रपाल यादव ने उन्हें बधाई दी है।



### आदिना ने कुरआन किया मुकम्मल

**बरेली, अमृत विचार :** किला क्षेत्र के खन्नू मोहल्ले की रहने वाली आदिना रहमान ने 14 साल की उम्र में कुरआन मुकम्मल किया है। परिजनों ने बताया कि वह 9 साल की उम्र से हर रमजान में रोजे रखती आई हैं। अब 14 साल की उम्र में उसने कुरआन पढ़ लिया है। वह कक्षा 9 की छात्रा हैं। उनके पिता जिया उर रहमान और मां मेहनाज रहमान ने बताया कि इस खुशी में घर पर जश्न मनाया गया और मगरिब के समय पूरे परिवार के साथ रोजा इफ्तार किया।



### होली मिलन समारोह का आयोजन होगा

**बरेली/नवाबगंज, अमृत विचार :** ब्लॉक भदपुरा के पूर्व ब्लाक प्रमुख पुरुषोत्तम गंगवार की ओर से सोमवार को एक बरात घर में होली मिलन समारोह का आयोजन होगा। कार्यक्रम में क्षेत्र के लोग कार्यकर्ता और समर्थक शामिल होंगे। कार्यक्रम के जरिये आपसी भाईचारा और सौहार्द का संदेश दिया जाएगा।

# सबमर्सिबल के प्रेशर से नालों में बहाया जा रहा गोबर

## पीलीभीत बाईपास रोड का नाला चोक होने पर घरों में गंदा पानी घुसने की आशंका, नाला सफाई के नाम दौड़ाए जा रहे कागजी घोड़े

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** शहर की कॉलोनियों पर इस बार मानसून भारी पड़ने वाला है। शहर के ड्रेनेज सिस्टम की जो तस्वीर पीलीभीत बाईपास रोड और सैटेलाइट बस स्टैंड के आसपास नालों में दिख रही है, वह सशंकित करने वाली है। नगर निगम की फाइलों में नाला सफाई के बजट और कागजी घोड़े दौड़ रहे हैं, लेकिन हकीकत यह है कि मुख्य नाले डेयरी संचालकों की लापरवाही की भेंट चढ़ चुके हैं। सैटेलाइट से पीलीभीत बाईपास की ओर जाने वाला नाला गंदगी और पशुओं के गोबर से इस कदर पट चुका है कि वहां पानी की एक बूंद निकलना भी दूभर है। आलम यह है कि जो नाले जल निकासी के लिए बने थे, वे अब 'गोबर के टापू' में तब्दील हो चुके हैं।



पीलीभीत बाईपास रोड के नाले में गोबर बहाया जा रहा। ● अमृत विचार

नगर निगम क्षेत्र में 700 से अधिक डेयरियां हैं, जहां सबमर्सिबल पंप लगा है और गोबर नाले, नालियां, सीवर लाइन में बहता है। यह गाढ़ा और ठोस कचरा धीरे-धीरे मुख्य नालों की तली में जम जाता है, जिससे ड्रेनेज पूरी तरह चोक हो चुका है। सैटेलाइट बस स्टैंड से सटी आजाद नगर, राजनगर आदि कालोनी के मुख्य नालों की स्थिति इतनी भयावह है कि गोबर से चोक नालों का गंदा पानी अब बैक मारकर घरों में आने की स्थिति में पहुंच गया है।

हरुनगला समेत कई अन्य कॉलोनियों के नालों का भी बुरा हाल है। हैरानी की बात तो यह है कि नगर निगम प्रशासन हर साल शहर को 'डेयरी मुक्त' करने का झुनझुना जनता को थमाता है। पूर्व में चले अभियानों के दौरान कुछ हजार का जुर्माना वसूला गया और कुछ नोटिस थमाकर खानापूर्ति कर ली गई। गोबर के सड़ने से निकलने वाली असहनीय दुर्गंध और मच्छरों के प्रकोप ने हजारों परिवारों का जीना मुहाल कर दिया है।

- आजाद नगर, राजनगर समेत कई कालोनियों में गोबर की सड़ांध और मच्छरों से जीना मुहाल

> जल्द ही बड़े नालों की सफाई के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। नालों में गोबर बहाने वाले डेयरी संचालकों पर समय-समय पर जुर्माना की कार्रवाई की जाती है। डेयरी संचालकों के खिलाफ ''जीरो टॉलरेंस'' की नीति अपनाई जाएगी, उन्हें स्थायी रूप से शहर की सीमा से बाहर किया जाएगा। - **डॉ. भानु प्रकाश**, नगर स्वास्थ्य अधिकारी

### शहर से डेयरी हटाने की निगम की मंशा अटकी गोकुलधाम का सपना अब तक नहीं हुआ पूरा

शहर में कई जगह घनी आबादी के बीच कई दशक से डेयरियां हैं। इन्हें हटाने के लिए नगर निगम ने कई बार प्रयास किए, लेकिन योजना धरातल पर नहीं उतरी। बताया जाता है कि कुछ साल पहले शहर के बाहर गोकुलधाम बनाने का प्रस्ताव रखा था, जहां गायों और बकरियों को रखने के लिए समुचित स्थान दिया जाना था, लेकिन मंशा अब तक पूरी नहीं हो पाई। स्थानीय निवासियों और डेयरी मालिकों के विरोध की वजह से इस परियोजना में कई रुकावटें आईं।

### एसआईआर ड्यूटी में लगे शिक्षकों को जाना होगा स्कूल

**बरेली, अमृत विचार :** जिले में चल रही परीक्षाओं को सकुशल संपन्न कराने के लिए बेसिक शिक्षा अधिकारी ने आदेश जारी किया है कि एसआईआर ड्यूटी में लगे सभी शिक्षक और स्टाफ को भी नियमित रूप से स्कूल जाना होगा। वे स्कूल के समय में काम के बाद ही अपनी अन्य ड्यूटी का कार्य करेंगे।

बीएसए की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि छात्रों की पढ़ाई और स्कूल की शैक्षणिक गतिविधियां प्रभावित न हों, इसके लिए यह निर्णय लिया गया है। शिक्षक पहले स्कूल समय में बच्चों की पढ़ाई से जुड़ी जिम्मेदारियां निभाएंगे, बचे हुए समय में एसआईआर ड्यूटी का कार्य करेंगे।

# गांव की गलियों से पहले 'ट्रांसफर आर्डर' जान गए सचिव

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जनपद में बार-बार सचिवों के तबादलों ने प्रशासनिक गलियारों में हलचल तेज कर दी है। वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर जहां फाइलों को निपटाने की रफ्तार दोगुनी होनी चाहिए, वहां सचिवों के तबादलों ने पूरी व्यवस्था को पटरी से उतार दिया है। शासन की स्पष्ट नीति है कि विषम परिस्थिति को छोड़कर केवल अप्रैल से जून माह के स्थानांतरण सत्र में होंगे और वह भी कुल संख्या के मात्र दस प्रतिशत तक सीमित रहेंगे। लेकिन, यहां शासन की नीति को दरकिनार कर अधिकारियों की अपनी ही ''विशेष नीति'' चलती दिखाई दे रही है। बीते 10 मार्च को हुए नौ ग्राम विकास अधिकारियों और दो ग्राम पंचायत अधिकारियों के स्थानांतरण ने इस चर्चा को और हवा दे दी है।

सचिव बताते हैं कि एक साल में तीन से चार बार ट्रांसफर किए जा चुके हैं। इसमें सबसे बड़ी समस्या यह है कि नया सचिव जब तक गांव की गलियों और वहां की बुनियादी समस्याओं को समझने की कोशिश करता है, तब तक उसके हाथ में रवानगी का आदेश थमा दिया जाता है। इस अदला-बदली के खेल में मनरेगा जैसी महत्वपूर्ण योजनाएं और ग्रामीणों की छोटी-बड़ी समस्याएं कागजों में ही दफन होकर रह गई हैं। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि तबादलों की आंधी में वरिष्ठता को भी दरकिनार कर दिया गया है। जानकारों का कहना है कि कुछ दिन पहले कुछ ब्लॉकों में अनुभवी और वरिष्ठ सचिवों को छोड़कर चहेते जूनियरों सचिवों को मलाईदार गांव का प्रभार दिया गया, जो सीधे तौर पर नियमों की धज्जियां उड़ाने जैसा है। इधर, बीते एक साल का लेखा-जोखा देखें तो ग्राम विकास अधिकारियों के तबादलों की संख्या सबसे अधिक रही है, जबकि ग्राम पंचायत अधिकारियों पर मेहरबानी बरकरार है। इस भेदभावपूर्ण रवैये से सचिवों में गहरा असंतोष व्याप्त है। फिलहाल, वित्तीय वर्ष के समापन माह में हुए तबादलों ने विभाग के माहौल को गर्मा दिया है।

- जनपद में नियमों को दरकिनार कर बार-बार सचिवों के स्थानांतरण पर उठे सवाल
- सचिवों का आरोप-शासन की नीति ताक पर, जनपद में ''विशेष नीति'' का बोलबाला
- वित्तीय वर्ष समाप्ति के आखिरी माह में नौ सचिवों के तबादले से भी पनप रहा रोष

### तबादलों के खेल में पुरानी 'परंपरा' का निर्वाह

जनपद में सचिवों के तबादलों का यह खेल कोई नया नहीं है, बल्कि यह उस पुरानी परंपरा का हिस्सा है जो पूर्व डीडीओ अरुण कुमार के दौर में भी परवान चढ़ी थी। उस वक्त प्रशासनिक अराजकता इस कदर बढ़ गई थी कि तत्कालीन सीडीओ जगप्रवेश को हस्तक्षेप कर 'बिना अनुमोदन ट्रांसफर' पर हंटर चलाना पड़ा था। आज फिर वही इतिहास खुद को दोहरा रहा है। ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि अफसर बदल सकते हैं, लेकिन मर्जी से सिस्टम को हांकने की रवैया आज भी जस की तस है।

### यह है तबादलों के पीछे की त्रिस्तरीय व्यवस्था

सूत्रों की मानें तो इन तबादलों के पीछे मुख्य रूप से तीन बड़े कारण सक्रिय हैं। पहला, स्थानीय जनप्रतिनिधियों का दबाव, जिनके इशारे पर अधिकारी सचिवों की कुर्सियां बदलते हैं। दूसरा, खुद सचिवों की साठगांठ, जो मलाईदार पंचायतों में जाने के लिए जोड़-जुगाड़ बिठाते हैं। तीसरा कारण शिकायतों के आधार पर की जाने वाली कार्रवाई है।

> सचिवों के ये फेरबदल मनमाने नहीं, बल्कि उच्चाधिकारियों के अनुमोदन और ग्राम पंचायतों की आवश्यकतानुसार किए गए हैं। स्थानांतरण नीति की नियमावली में ऐसा कहीं उल्लेख नहीं है कि विशेष परिस्थितियों या कार्यहित में बीच सत्र में सचिवों का तबादला नहीं किया जा सकता। सचिवों का तबादला प्रशासनिक प्रक्रिया का हिस्सा है ताकि विकास कार्यों में सुगमता बनी रहे। - **दिनेश यादव**, जिला विकास अधिकारी

> विभाग में तबादले पूरी तरह शुचिता और नियमों के अधीन हैं। हालिया दो तबादले गंभीर शिकायतों की पुष्टि के बाद सुधारात्मक कदम के रूप में उठाए गए थे। पूरे वर्ष में केवल 4-5 सचिवों पर ही अनुशासनात्मक कार्रवाई के तहत गाज गिरी है, जबकि शेष फेरबदल पिछले स्थानांतरण सत्र में नियमानुसार ही संपन्न हुए थे। - **कमल किशोर**, जिला पंचायत राज अधिकारी

### प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दिया

**बरेली, अमृत विचार :** उड़ान सेवा समिति की बैठक रविवार को सिंधु नगर स्थित कटरा चांद खां कार्यालय में हुई, जिसमें जरूरतमंद और असहाय लोगों को प्रोफेशनल प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दिया गया।

संस्था से जुड़े मुनीश गुप्ता ने बताया कि समिति के माध्यम से कंप्यूटर ट्रेनिंग, सिलाई, ब्यूटीशियन, कंप्यूटर हार्डवेयर और एलईडी बल्ब से जुड़े प्रशिक्षण जैसे व्यावहारिक कोर्स शुरू करने की योजना है। इन कोर्सों के माध्यम से युवाओं और जरूरतमंदों को कम समय में कौशल प्रशिक्षण देकर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। संजीव अवस्थी ने भी विचार रखे। इस दौरान राजन कुमार, दिनेश मूरजानी, पवन कालरा, अभिषेक श्रीवास्तव, आरती गुप्ता, रमा अवस्थी, पूजा पांडे, गीता दोहरे, मनोरमा श्रीवास्तव सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

# शहर लौटने पर काजी ए हिंदुस्तान का स्वागत



एयरपोर्ट गेट पर काजी ए हिंदुस्तान का स्वागत करने जुटे लोग। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** उमरा से लौटने पर काजी ए हिंदुस्तान असजद मियां का रविवार को शहर में जोरदार स्वागत किया गया। वह शनिवार को मुंबई एयरपोर्ट पर उतरे थे। रविवार को मुंबई से बरेली फ्लाइट के जरिए पहुंचे।

जमात रजा ए मुस्तफा के राष्ट्रीय महासचिव एवं काजी ए हिंदुस्तान के दामाद फरमान हसन खान (फरमान मियां) ने बताया दरगाह आला हजरत पर सैकड़ों लोगों ने फूलों से उनका भव्य स्वागत। अकीदतमंदों का सैलाब उमड़ पड़ा। बरेली एयरपोर्ट और दरगाह आला हजरत पर फूलों से स्वागत हुआ। दरगाह पर अकीदतमंदों ने उनसे मुलाकात कर खैरियत जानी। हर कोई उन्हें उमरा की मुबारकबाद देता नजर आया। दरअसल, काजी ए हिंदुस्तान उमरा करने के लिए सऊदी अरब गए थे। पिछले दिनों सऊदी के रियाद शहर में रोजा इफ्तार कार्यक्रम के दौरान पुलिस ने उनसे पूछताछ की थी। इसके बाद सोशल मीडिया पर अफवाह उड़ा दी गई थी सऊदी पुलिस ने उन्हें डिटेन किया है। दरगाह की तरफ से इसका खंडन किया गया था।

- मुफ्ती असजद मियां ने दरगाह आला हजरत और दरगाह ताजुशरिया पर दी हाजिरी

# गैस की कालाबाजारी रोकने को स्टॉक किए चेक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** रसोई गैस की कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए पूर्ति विभाग की सख्ती जारी है। इसी क्रम में जिला पूर्ति अधिकारी ने शहर से लेकर देहात क्षेत्र तक कई गैस एजेंसियों पर पहुंचकर स्टॉक की जांच की। हालांकि सभी के स्टॉक सही पाए गए।

जिला पूर्ति अधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि रसोई गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी की शिकायतें मिल रही थीं। इसी को देखते हुए रविवार को भी कई एजेंसियों पर जाकर स्टॉक की जांच की गई है। शहर से लेकर देवचरा तक टीम ने कई जगहों पर स्टॉक देखे। मगर किसी के पास अनियमितता नहीं पाई गई। चेकिंग के चलते हॉकर भी सिलेंडर महंगे दाम में देने से मना कर रहे है। डीएसओ ने बताया कि आगे भी इस तरह की चेकिंग जारी रहेगी, ताकि आम लोगों को समय पर गैस उपलब्ध हो सके और कालाबाजारी पर पर पूरी तरह से रोक लगाई जा सके।

- रविवार को अवकाश के बावजूद सक्रिय रही आपूर्ति विभाग की टीम

### ऐप के माध्यम से भी नहीं बुक हो रही रसोई गैस

**बरेली, अमृत विचार :** रसोई गैस की बुकिंग को लेकर उपभोक्ताओं को अब भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालात यह हैं कि गैस एजेंसी के ऐप के माध्यम से भी सिलेंडर बुक नहीं हो पा रहा है। सुबह से लेकर रात तक लोग बार-बार प्रयास कर रहे हैं, लेकिन बुकिंग नहीं होने से उनकी परेशानी बढ़ती जा रही है। सनराइज कॉलोनी के रहने वाले पीएल शर्मा, राजीव पटेल, दुर्गा नगर के रहने वाले राजीव, देवेंद्र, संजय नगर निवासी मुन्नी समेत कई लोगों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से गैस बुकिंग करने के लिए तमाम प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन गैस बुक नहीं हो पा रही है। अब ऐप पर लॉगिन करने के बाद भी बुकिंग का विकल्प सही तरीके से काम नहीं कर रहा है।

# बसपाइयों ने नोएडा पहुंचकर कांशीराम को किया नमन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** नोएडा स्थित राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल पर रविवार को बहुजन आंदोलन के महानायक मान्यवर कांशीराम की जयंती भव्य रूप से मनाई गई। इस विशाल समागम में बरेली जिले से भी भारी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए, जिन्होंने मान्यवर कांशीराम की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनके दिखाए सामाजिक न्याय के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

जिलाध्यक्ष डॉ. जयपाल सिंह की अगुवाई में जिले से एक विशाल काफिला नोएडा पहुंचा। उन्होंने बताया कि शनिवार की रात को ही 29 बसों और 206 निजी कारों के माध्यम से पांच हजार से अधिक कार्यकर्ता नोएडा के लिए रवाना हुए थे। इस बड़े काफिले के साथ बरेली के कोने-कोने से आए लोगों ने प्रेरणा स्थल पर मत्था टेका और अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

कार्यक्रम के दौरान संगठन की मजबूती और आगामी रणनीतियों पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम की शुरुआत पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी व पूर्व सांसद मुनकाद अली, उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष मोहित आनंद, पूर्व सांसद गिरीश जाटव समेत अन्य राजनेताओं ने की।



कार्यक्रम में पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी एवं पूर्व सांसद मुनकाद अली व अन्य। ● अमृत विचार

### सपाइयों ने कांशीराम की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया

**बरेली, अमृत विचार :** सपा कार्यालय पर बहुजन आंदोलन के प्रणेता कांशीराम की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। पदाधिकारियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए। सामाजिक न्याय व संविधान की रक्षा का संकल्प लिया। महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी ने कहा कि कांशीराम ने अपना पूरा जीवन वंचित समाज को अधिकार और सम्मान दिलाने के लिए समर्पित कर दिया। प्रदेश सचिव शुभलेश यादव ने कहा कि उनके विचार आज भी न्याय की लड़ाई के लिए प्रेरणास्रोत हैं। वहीं, कार्यक्रम के अंत में एक शोक सभा का आयोजन हुआ, जिसमें महानगर महासचिव पं. दीपक शर्मा की पत्नी के निधन पर दुख व्यक्त किया गया। संजीव सक्सेना, रविन्द्र सिंह यादव, राजेश मौर्य, सुरेंद्र सोनकर, अशोक यादव, राजेश अग्रवाल, समर्थ मिश्रा, लल्ला यादव, बीडी वर्मा, डॉ. अनीस बेग, हरिओम प्रजापति, जितेंद्र मुंडे, रामसेवक प्रजापति, सैय्यद जमील अहमद आदि मौजूद रहे।








**कार्यक्रम** | रजा एक्शन कमेटी के रोजा इफ्तार में शामिल हुए हजारों लोग, दिखा उत्साह

# आरएसी के दस्तरखान से अमन और एकता का पैगाम दिया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** ऑल इंडिया रज़ा एक्शन कमेटी और आरएसी ट्रस्ट ने हर साल की तरह इस साल भी सामूहिक रोजा इफ्तार का इंतजाम किया। जिसमें बरेली ही नहीं बल्कि आसपास के जिलों के लोग भी बड़ी तादाद में शरीक हुए। मगरिब की अजान होते ही हज़ारों लोगों ने एक साथ बैठकर इफ्तार किया। इसके बाद नबीरा-ए-आला हज़रत व आरएसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अदनान रजा क़ादरी ने मगरिब की नमाज़ पढ़ाई और दुनिया भर में अमन-चैन की दुआ फरमाई। आख़िर में लंगर हुआ। इसमें सभी रोज़ेदार और मेहमान शरीक हुए। इनमें उलमा, नेता, डॉक्टर, समाजसेवी सहित समाज के सभी वर्गों के लोग शामिल रहे।



रोजा इफ्तार में बड़ी संख्या में लोग हुए शामिल। ● अमृत विचार

नबीरा-ए-आला हजरत मौलाना अफ़रोज रजा कादरी की सरपरस्ती में सामूहिक रोज़ा इफ़्तार का इंतज़ाम मिनी बाईपास स्थित ब्लू मून लॉन में किया गया। आरएसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अदनान रज़ा क़ादरी ने सदारत की। जैसे ही हाफ़िज़ इमरान रज़ा बरकाती ने मग़रिब की अज़ान पढ़ी वैसे ही सभी ने एक साथ रोज़ा इफ़्तार किया। इसके बाद हज़ारों लोगों ने नबीरा-ए-आला हज़रत के पीछे मग़रिब की नमाज़ अदा की। नमाज़ के बाद हज़रत अदनान मियां ने मुल्को-मिल्लत और सारी दुनिया के लिए अमन और चैन की दुआ की। नमाज़ के फौरन बाद लंगर का एहतमाम हुआ और फिर सभी लोग नबीरा-ए-आला हज़रत से मुलाक़ात कर रुख़सत हुए।

ख़ानवादा-ए-रज़विया से नबीरा-ए-आला हज़रत मौलाना हम्माद रज़ा क़ादरी, मौलाना अब्दुल्लाह रज़ा क़ादरी, सय्यद सुबूर मियाँ, अली रज़ा क़ादरी, मोहसिन हसन ख़ां मौजूद रहे। नेताओं में पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार, विधायक शहज़िल इस्लाम, पूर्व विधायक विजयपाल सिंह, शुभलेश यादव, सरफ़राज़ वली ख़ां, आंवला चेयरमैन सय्यद आबिद अली, नदीम क़ुरैशी मौजूद रहे। डॉक्टरों में डॉ. रवि खन्ना, डॉ. सोमेश मेहरोत्रा, डॉ. आफ़ताब आलम, डॉ. नाज़िर, हकीम निराले शामिल रहे। मुफ़्ती हनीफउल क़ादरी, मौलाना तारिक़ रज़ा मिस्बाही, मौलाना सफ़दर अली, मौलाना निज़ामउद्दीन, मौलाना सद्दाम रज़ा, मौलाना ज़ुल्फ़िक़ार, मौलाना नईम अख़्तर, मौलाना फ़हीम अख़्तर, मौलाना समर रज़वी, मौलाना ग़ुलाम ग़ौस ग़ज़ाली, मौलाना इमरान जाफ़र बरकाती, मौलाना ज़फ़र, मुफ़्ती उमर रज़ा साहब, मुशाहिद रफ़त, हाफ़िज़ इमरान रज़ा बरकाती, हनीफ़ अज़हरी, सय्यद मुशर्रफ़ हुसैन, राजू बाबा, सय्यद रिज़वान साहब, शाहनवाज़ रज़ा, मुहम्मद जुनैद आदि मौजूद रहे।

## सिटी ब्रीफ

### श्रीराम-भरत मिलाप का प्रसंग सुनाया



**बरेली, अमृत विचार** : मॉडल टाउन स्थित हरि मंदिर में श्री गणेश उत्सव समिति और श्री गणेश सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में चल रही श्रीराम कथा के आठवें दिन रविवार को कथा व्यास ने भरत चरित्र का वर्णन किया। उन्होंने चित्रकूट में भरत और भगवान राम के मिलाप प्रसंग को विस्तार से बताते हुए कहा कि भरत और राम का प्रेम ऐसा है, जहां तक ब्रह्मा, विष्णु और महेश का मन भी नहीं पहुंच सकता। यह प्रेम सत्व, रज और तम तीनों गुणों से परे है, इसलिए इसे गुणातीत प्रेम कहा गया है। तुलसी मठ से नीरज नयन दास महंत, समिति के संरक्षक राजू खंडेलवाल, मीडिया प्रभारी कैलाश चंद्र शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### जरूरतमंदों के साथ बांटीं ईद की खुशियां

**बरेली, अमृत विचार** : दरगाह आला हजरत पर रविवार को सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन रजा कादरी (अहसन मियां) की ओर से जरूरतमंदों को ईद की खुशियों में शामिल होने के लिए बच्चों को कुर्ता पजामा और महिलाओं को सूट बांटे गए। रमजान राशन किट भी बांटी जा चुकी है। दरगाह के मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी ने बताया कि इस मौके पर सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां ने कहा कि जब बंदा रमजान के पूरे 30 रोजे रखकर अपने वक्तों पर नमाज अदा करता है और अल्लाह के हुक्म के मुताबिक अपनी जिंदगी गुजारता है, तब अल्लाह उसे उसका इनाम ईद के रूप में देता है। मौलाना बशीरूल कादरी, मौलाना जाहिद रजा, परवेज नूरी, औरंगजेब नूरी, शाहिद नूरी, मंजूर रजा, अजमल नूरी आदि मौजूद रहे।

### मस्जिद दिलरेल खां में हुआ कार्यक्रम

**बरेली, अमृत विचार** : गुलाब नगर स्थित मस्जिद दिलरेल खां में कुरआन मुकम्मल तरावीह में हुआ। हाफिज कारी शाहरुख, इमाम मौलाना हकीम अक्लीम, नायब ए इमाम मौलाना मुस्तकीम, खतीव मौलाना अकील अहमद ने कुरआन की फजीलत को लेकर तकरीर की। मौलाना हसन रजा ने नाते पाक जरिये रमजान की फजीलत बयां की।

# कथक गुरुओं और विद्यार्थियों की प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोहा

- रिद्धिमा में कथक कार्यक्रम 'अभिलाषा' का हुआ आयोजन
- प्रियंका और सात्विक ने स्वरों का जादू बिखेरा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार शाम कथक प्रस्तुति 'अभिलाषा' कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसका आरंभ कथक के विद्यार्थियों ने गीत धूम मची है होरी ब्रज में... से किया। इसके बाद ठुमरी पर डगर बीच कैसे चलूं गीत पर प्रस्तुति दी। कथक गुरु रियाश्री चटर्जी मंच पर पहुंचीं और उन्होंने लाइव ठुमरी एवं चैती पर पिया मिलन की आस पर अपनी प्रस्तुति दी।



रिद्धिमा में 'अभिलाषा' के दौरान प्रस्तुति देते गुरुजन और शिष्य। ● अमृत विचार

कथक गुरु देबाज्योति नस्कर ने लाइव ठुमरी पर ताल बसंत और कथक गुरु अंशु कुमार शर्मा ने लाइव तीन ताल में छोटा ख्याल पर उत्साह बसंत रंग की पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अंत में अपने विद्यार्थियों के साथ तीनों कथक गुरु एक साथ मंच पर पहुंचे और सभी ने अभिलाषा ट्रैक पर एक साथ अपनी नृत्य प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कथक प्रस्तुति 'अभिलाषा' में गायन गुरु प्रियंका ग्वाल एवं सात्विक मिश्रा ने अपने स्वरों के माध्यम से उपस्थिति दर्ज कराई, जबकि इंस्ट्रूमेंटल गुरु दीपकांत जौहरी, ऋषभ आशीष पाठक, शम्भू सिसोदिया ने वाद्ययंत्रों के जरिये इसमें सहभागिता की। संचालन रिद्धिमा के सेंटर हेड डॉ.आशीष कुमार ने किया। एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, ऋचा मूर्ति, देविशा मूर्ति, इंजीनियर सुभाष मेहरा, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ.अनुज कुमार, डॉ. शैलेश सक्सेना, डॉ.रीटा शर्मा अन्य लोग मौजूद रहे।

# नवारंभ उत्सव : जिले में 1009 आंगनबाड़ी केंद्रों में बनेगी बालवाटिका

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- 25 से शुरू होगा अभियान, बच्चों का नामांकन कराने का किया जा रहा प्रयास
- 'असर' की रिपोर्ट के अनुसार प्री स्कूल में अभी नहीं आ रहे 50 प्रतिशत बच्चे

**अमृत विचार** : जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों में तीन से छह वर्ष तक के बच्चों को प्री-स्कूल शिक्षा से जोड़ने के लिए 25 मार्च से 'नवारंभ उत्सव' अभियान शुरू होगा। इसके तहत जिले के 1009 आंगनबाड़ी केंद्रों में बालवाटिका बनाकर बच्चों के नामांकन पर विशेष जोर दिया जाएगा।

अभियान के माध्यम से ऐसे बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्रों तक लाने का प्रयास किया जाएगा, जो अभी तक प्री-स्कूल शिक्षा से नहीं जुड़े हैं। बच्चों को स्मार्ट क्लास के माध्यम से पढ़ाने की व्यवस्था भी की जाएगी। साथ ही अभिभावकों को जागरूक करने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन आंगनबाड़ी केंद्रों में कराया जा सके। इसके साथ ही बाल वाटिका में पहुंचने वाले बच्चों के द्वारा वहां होने वाली गतिविधियों के बारे में भी उनके परिजनों को बताया जाएगा। एनुअल स्टेटस ऑफ एजुकेशन रिपोर्ट (असर) के अनुसार प्री स्कूल में अभी 50 प्रतिशत बच्चे नहीं आ रहे हैं।

# फूलों की होली के साथ बिखेरा समरसता का रंग

## सांसद छत्रपाल गंगवार ने समाज की एकता पर दिया जोर, कुर्मी क्षत्रिय सभा ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार**: ब्रह्मपुरा स्थित सरदार पटेल स्मारक (कुर्मी क्षत्रिय छात्रावास) में रविवार को कुर्मी क्षत्रिय सभा का होली मिलन समारोह हुआ। जिसकी शुरुआत पारंपरिक चौपाइयों से हुई, जिसके बाद समाज के लोगों ने एक-दूसरे पर फूलों की वर्षा कर आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया।

मुख्य अतिथि सांसद छत्रपाल गंगवार ने समाज की एकता पर जोर देते हुए कहा कि होली दिलों को जोड़ने का पर्व है और एकजुटता से ही समाज सशक्त बनता है। जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल ने ऐसे आयोजनों को बड़ों के आशीर्वाद और सामाजिक मेल-मिलाप का एक महत्वपूर्ण माध्यम बताया। अध्यक्षता करते हुए कुर्मी क्षत्रिय सभा के जिलाध्यक्ष एड. केपी सेन गंगवार ने संगठन की मजबूती और आपसी सहयोग को समाज की तरक्की का आधार बताया।

अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक की अध्यक्ष श्रुति गंगवार, पूर्व विधायक छोटे लाल गंगवार, चेयरमैन पति सुरेश चंद्र सिंह राठौर, प्रवेश राठौर, कर्नल पुरुषोत्तम सिंह, रघुवीर सिंह गंगवार, प्रेम शंकर गंगवार, मूलचंद गंगवार, आलोक गंगवार, देश दीपक गंगवार, अरविंद पटेल, एड. मुनेन्द्र गंगवार, डॉ. उग्रसेन गंगवार, युधिष्ठर प्रसाद गंगवार, कृष्ण पाल सिंह, खेमेन्द्र पाल सिंह, वीरेश कुमार, तेजपाल गंगवार, प्रमोद कुमार, भद्रपाल गंगवार सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।



होली मिलन समारोह में सांसद छत्रपाल गंगवार व अन्य। ● अमृत विचार

### फोटोग्राफर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने होली मिलन समारोह मनाया



**बरेली, अमृत विचार** : चौपुला रोड स्थित व्यापार मंडल सभागार में बरेली फोटोग्राफर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया। अध्यक्षता करते हुए अध्यक्ष राजेंद्र ने एकता और संगठन की मजबूती पर जोर दिया। महासचिव शुभाशीष जोशी ने सदस्यों के हित में 'वेलफेयर फंड' बनाने का प्रस्ताव रखा। उपाध्यक्ष संजीव वर्मा और कोषाध्यक्ष संजय शर्मा ने भी सक्रिय भागीदारी और सहयोग का आह्वान किया। संचालन सुरेश भारद्वाज और प्रांजल टंडन ने किया। उपेन्द्र राघव, अरविंद पटेल, रचित, हरीओम, राजा, कुलदीप, राम आसरे, दिव्यांशु, अनिल, विट्ठल चौबे, विपिन कुमार आदि मौजूद रहे।

### झांकियों ने मन मोहा, खेली फूलों की होली



कार्यक्रम में मौजूद अतिथि और पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार** : अखिल भारतीय कायस्थ महासभा बरेली की ओर से रविवार को बदायूं रोड स्थित एक बरातघर में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। फूलों की होली खेली गई। राधा-कृष्ण की झांकियों ने मनमोह लिया। मुख्य अतिथि वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार ने होली के महत्व पर प्रकाश डाला और बुराइयों को त्यागने का आह्वान किया। जिलाध्यक्ष अश्विनी कमठान ने कहा कि नफरत दूर करने और प्यार फैलाने का सबसे सुंदर पर्व होली है। समाज के लोगों को सम्मानित किया गया। बच्चों के नृत्य की प्रस्तुति दी। वेद प्रकाश सक्सेना कातिब, डॉ.विकास वर्मा, किशोर कटरू, अनिल कुमार एडवोकेट, शिव कुमार बरतरिया, डॉ. सुबोध अस्थाना, धर्मेंद्र सक्सेना, डब्बल भटनागर, शांतनु सक्सेना, विकास सक्सेना नीटू, सुनील सक्सेना मिलन, सुंदरम सक्सेना गोलू, आदित्य सक्सेना हनी, अमन सक्सेना, अभिषेक नाथ, बबिता रेक्रीवाल, रश्मि प्रधान, किरन सक्सेना, शालू सक्सेना, अमित सक्सेना मिट्ठू, आशीष सक्सेना, आशीष सिन्हा, रवि सक्सेना अवधपुरी, शैलेन्द्र सक्सेना, दुर्गेश सक्सेना आदि मौजूद रहे।

### होली मिलन में प्रतिभाशाली बच्चों का सम्मान

- अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने किया आयोजन

**बरेली, अमृत विचार** : अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की ओर से कांधरपुर स्थित एक बैंकट हॉल में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें संगठन की डायरी का विमोचन पूर्व जज राजभान सिंह ने किया।

कार्यक्रम में मेधावी बच्चों को सम्मानित किया गया। संगठन की ओर से वीरांगना कमेटी का गठन भी किया हुआ। वक्ताओं ने कहा कि समाज में एकता बनाए रखने के साथ युवाओं को आगे बढ़ाने पर जोर दिया जाए। इस दौरान महासभा ने सरकार से तुरंत यूजीसी बिल वापस लेने की मांग की।

जिला अध्यक्ष सर्वेश्वर पाल सिंह, भुवनेश्वर सिंह, ठाकुर ऋषिपाल सिंह, बरेली बार के कोषाध्यक्ष धर्मवीर सिंह, गौरव राठौर, आरती चौहान, जयवीर सिंह, एमपी सिंह, संतोष राठौड़, धीरेंद्र सिंह उर्फ धीरू, प्रतिपाल सिंह, अमित चौहान, देवपाल सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।

# पुष्प प्रदर्शनी में जेएलए का जलवा



पुष्प प्रदर्शनी देखते सेना के अफसर व अन्य लोग। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जेआरसी दूसरे और हेड क्वार्टर 6 माउंटेन डिवीजन तीसरे स्थान पर रहा
- बरेली क्लब के अग्रिम लॉन में तीन दिवसीय पुष्प प्रदर्शनी का हुआ समापन

**अमृत विचार** : बरेली क्लब के अग्रिम लॉन में तीन दिवसीय वार्षिक पुष्प प्रदर्शनी का रविवार को समापन हुआ। मुख्य स्पर्धा में जेएलए ने 301 अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। जबकि जेआरसी. 200 अंकों के साथ दूसरे और हेड क्वार्टर 6 माउंटेन डिवीजन 135 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। इस प्रदर्शनी ने न केवल प्रकृति की शिल्पकला का प्रदर्शन किया, बल्कि बरेली की समृद्ध सांस्कृतिक और सामाजिक विरासत की झलक भी पेश की। प्रदर्शनी के दौरान फूलों की विविध प्रजातियों, उनके दुर्लभ रंगों और कलात्मक सजावट का अनूठा संगम देखने को मिला।

रजत खंडेलवाल (फूल वाली कोठी) फ्लोरा गार्डन ने भी अपनी पुष्प कला से निर्णायक मंडल को प्रभावित किया। क्लब संरक्षक मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल जीडी मिश्रा, एवीएसएम ने पत्नी मिनी मिश्रा के साथ विजेताओं को पुरस्कृत किया। अध्यक्षता ब्रिगेडियर एच. पीपी. सिंह अध्यक्ष, निदेशक मंडल व कमांडेंट जाट रेजिमेंट ने की। क्लब सचिव लेफ्टिनेंट कर्नल कंवलजीत सिंह ने प्रबंधन की कमान संभाली। संचालन करते हुए निदेशक अनंत बीर सिंह ने कहा कि इस पुष्प प्रदर्शनी की स्मृतियां लंबे समय तक शहरवासियों के दिलों में ताजा रहेंगी। राजा चावला, सौरभ मेहरोत्रा, विपिन अग्रवाल, मनीष सहगल आदि मौजूद रहे। निर्णायक मंडल में शामिल सागरिका साहू, रीनू सिंह, सनी चावला और राम गुप्ता ने प्रदर्शन के दौरान प्रविष्टियों का मूल्यांकन किया।

# आरोग्य मेले में बुखार व त्वचा रोगियों की भरमार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- क्षय रोगियों को बांटी पोषण पोटली, उपचार के साथ आहार पर जोर

**अमृत विचार** : बारिश और तेज हवा के बाद भी स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में मरीजों की भीड़ रही। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के मुताबिक जिले में 2900 मरीजों ने पंजीकरण कराया। करीब 450 मरीज त्वचा व 360 मरीज बुखार से ग्रसित मिले। डॉक्टरों ने मरीजों का उपचार किया। बदलते मौसम में स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी।

स्वास्थ्य सेवाओं के साथ मेले में सामाजिक सरोकार की झलक भी देखने को मिली। जहां टीबी (क्षय रोग) से जूझ रहे मरीजों को विशेष ''पोषण पोटली'' का वितरण किया गया। यह पहल मरीजों के शारीरिक पोषण को सुदृढ़ करने और उनके शीघ्र स्वस्थ होने में मदद करने के उद्देश्य से की गई। अर्बन नोडल डॉ.अजमेर सिंह ने जगतपुर, शेर अली गोटिया, हरुनगला, घेर जफर खां और पुराना शहर में स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने दवाइयों की उपलब्धता और चिकित्सा उपकरणों की जांच की। साथ ही, कुछ स्थानों पर सफाई व्यवस्था में खामी मिलने पर कड़ी नाराजगी जताई। सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए।



जगतपुर यूपीएचसी में क्षय रोगियों को पोषण पोटली देते अर्बन नोडल डॉ. अजमेर सिंह।

## सिटी डायरी

### रसमंजरी में बिखरे भारतीय संस्कृति के रंग



**बरेली, अमृत विचार** : साहू राम स्वरूप महिला महाविद्यालय में शनिवार को वार्षिकोत्सव रसमंजरी और परिधानोत्सव (सप्तरंग) का भव्य आयोजन हुआ। पूर्व सचिव स्व. कुंवर ओम औतार की स्मृति में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक संजीव अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि सीडीओ देवयानी, विशेष अतिथि क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी प्रो. सुधीर कुमार, प्रबंध समिति के अध्यक्ष विजय गुप्ता, सचिव मनोज गोयल, सह सचिव मनोज मंगल, उपाध्यक्ष डॉ. शशिबाला राठी और प्राचार्या प्रो. अनुपमा मेहरोत्रा ने संयुक्त रूप से किया। महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका 'ज्ञानांजलि' और ई-न्यूज लेटर का विमोचन किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में विश्वविद्यालय स्तर पर स्वर्ण पदक विजेता और एनसीसी/एनएसएस की मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने छात्राओं द्वारा भारतीय संस्कृति और समरसता के संदेश की सराहना की। संचालन डॉ. दीपशिखा सिंह और डॉ. प्रियंका वर्मा ने किया। डॉ.अनीता, डॉ. रुचि अग्रवाल, डॉ. रीना टंडन, डॉ. प्रज्ञा रावत आदि का सहयोग रहा।

### दिखा उत्साह : गोलू देवता मंदिर में खेली फूलों की होली



**बरेली, अमृत विचार** : सुरला ग्राम स्थित गोलू देवता मंदिर में फूलों की होली खेली गई। कार्यक्रम की अगुवाई सोमा परिहार, ममता जोशी, बरखा तिवारी, चंद्रा देवलिया और दीवानी चंद ने की। दीपिका तिवारी और विमला मेहरा ने होली के गीत प्रस्तुत किए। महिलाओं ने सामूहिक नृत्य भी प्रस्तुत किया। संस्थापक डॉ. महेंद्र कुमार सक्सेना ने गोलू देवता, भगवान शिव और गणेश का पूजन किया। उन्होंने गोलू देवता के महत्व के बारे में बताया। पर्वतीय समाज के अध्यक्ष देवेंद्र देवलिया, पंडित नवीन जोशी, दया किशन पांडे और जगदीश मेहरा ने श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की।

### विदयुत पेंशनर्स ने खेली फूलों की होली



**बरेली, अमृत विचार** : विदयुत पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से रविवार को सर्किट हाउस चौराहे स्थित विदयुत निरीक्षण भवन में होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। इस दौरान फूलों की होली खेली गई। सभी ने एक दूसरे को गले लगकर होली की बधाई दी। इसके अलावा मुस्लिम पेंशनर्स को ईद की मुबारकबाद दी गई। कार्यक्रम ओडी यादव की अध्यक्षता में हुआ। सचिव ओमदेव बरतरिया, पीसी गंगवार, एम एस आदिल, पीके मिश्रा, केके महेश्वरी, इस्लाम खां, आरके शर्मा, विनम्र मिश्रा, हरीश चंद्र उपाध्याय, ग्रीश श्रीवास्तव, नरेश सिंह समेत अन्य पेंशनर्स मौजूद रहे।

### कटरा चांद खां में कांशीराम की जयंती मनाई गई



**बरेली, अमृत विचार** : अम्बेडकर दलित उत्थान सेवा समिति ने रविवार को कटरा चांद खां में मान्यवर कांशीराम साहब सभागार में कांशीराम की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रणवीर सिंह जाटव रहे। वक्ताओं ने कहा कि कटरा चांद खां की ऐतिहासिक धरती से ही मान्यवर साहब ने "दारू की भट्ठी हटाओ आंदोलन" की शुरुआत की थी, जिसमें मोहल्ले के कई लोग उनके साथ जेल भी गए थे। इस अवसर पर अध्यक्ष सुनील सागर ने कहा कांशीराम के बताए मार्ग पर चलकर ही समाज में शिक्षा, संगठन और अधिकारों की लड़ाई मजबूत हो सकती है। महासचिव राजन सागर, संरक्षक अजय सिंह, अजय मुखिया, बीना गौतम, संजू सागर सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## बदला परिदृश्य

### राजेंद्रनगर स्थिति होटल में हुई उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की कोर कमेटी बैठक

# ऋण के लिए अब मशक्कत नहीं, बैंक खुद तलाश रहे नए उद्यमी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- विशेषज्ञ बोले- विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के स्वप्न को साकार कर रहे व्यापारी

**अमृत विचार** : राजेंद्र नगर स्थित होटल में आयोजित उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की कोर कमेटी बैठक में विशेषज्ञों ने देश की आर्थिक मजबूती और औद्योगिक विकास पर मंथन किया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के आंचलिक प्रबंधक राजा कुमार इलिप्पि ने कहा कि वर्तमान में जब मिडिल ईस्ट और रूस-यूक्रेन युद्ध जैसे संकटों से वैश्विक अर्थव्यवस्था आहत है, तब भारत अपनी सुदृढ़ नीतियों के कारण मजबूती से खड़ा है। उन्होंने कहा कि विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के सपने को साकार करने के लिए बैंकर्स और उद्यमी दिन-रात जुटे हैं। अब ऋण प्रक्रिया पहले की तरह जटिल नहीं रही, बैंक स्वयं स्वरोजगार के इच्छुक युवाओं को तलाश रहे हैं।





बैठक में मौजूद बैंक अधिकारी और व्यापार मंडल के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

विशिष्ट अतिथि मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने ऊर्जा क्षेत्र में हुए सुधारों को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि बरेली जोन में औद्योगिक फीडरों को 24 घंटे निर्बाध आपूर्ति दी जा रही है, जबकि शहरी क्षेत्रों में 23 घंटे और ग्रामीणों को 20 घंटे बिजली मिल रही है। विद्युत गुणवत्ता सुधारने के लिए नए बिजली घर बनाए जा रहे हैं और अधिक लोड वाले फीडरों को विभाजित किया जा रहा है।

राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य राजेंद्र गुप्ता ने जोर देकर कहा कि स्वस्थ बैंकिंग प्रणाली और निर्बाध ऊर्जा आपूर्ति किसी भी शहर की दिशा बदलने के लिए आवश्यक है। बरेली से राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी अपेक्षाएं हैं और आज की यह बैठक उद्यमियों को नई ऊर्जा प्रदान करेगी। महानगर महामंत्री राजेश जसोरिया ने कहा कि व्यापार मंडल केवल एक संगठन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम है।

बैठक में गौरी शंकर खंडेलवाल, अरविंद खंडेलवाल, मुकेश अग्रवाल, श्याम मितवानी, ईशान सक्सेना लकी मोगा, समित अग्रवाल, अवधेश अग्रवाल डब्बू, मनमोहन सब्बरवाल, दुर्गेश खटवानी, मुकेश खटवानी, दिलीप गुप्ता, कैलाश मित्तल, राकेश अग्रवाल, राजीव अग्रवाल सहित अन्य उद्यमी और व्यापारी उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में स्वीकार किया कि प्रशासनिक सहयोग और वित्तीय सुविधाओं के बेहतर तालमेल से बरेली के औद्योगिक परिदृश्य में बड़ा बदलाव आएगा। कार्यक्रम के अंत में व्यापारियों ने बैंकिंग और बिजली से जुड़ी समस्याओं को साझा किया, जिनका अतिथियों ने त्वरित समाधान का आश्वासन दिया।